हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 3 फरवरी 2026

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]

04 तहसीलदार ने जमीन पर विद्यार्थियों के साथ बैठकर...



07 कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण...



## खबर संक्षेप

### माधवगंज से आज निकाली जाएगी रैली

**विदिशा।** यूजीसी कानून के विरोध में सर्व स्वर्ण समाज द्वारा आज सुबह 11.30 बजे रैली निकाली जाएगी। यह रैली माधवगंज चौराहे से प्रारंभ होकर गांधी चौक नीमताल तक पहुंचेगी। इसके बाद राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### छात्रावासों का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शहर के शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से बात कर पढ़ाई, उपस्थिति व सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भवनों की स्थिति, कक्षाओं का संचालन और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। टीलाखेड़ी विद्यालय में कंप्यूटर कक्ष व प्रयोगशाला का निरीक्षण कर संसाधनों के अधिकतम उपयोग और समयसीमा में सुधार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### राशन का वितरण पूरी पारदर्शी से होः कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में खाद्यान्न के समय पर उठाव और वितरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन का वितरण पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए। भ्रमण के दौरान अधिकारी दुकानों का अनिवार्य निरीक्षण कर क्रॉस मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत बच्चों को पोषण आहार समय पर उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

### समिति पंजीकृत, पर्यटन को मिला नया आधार

**विदिशा।** सहकारिता विभाग द्वारा भेलसा पर्यटन सेवा सहकारी समिति का पंजीयन किया गया। विकासखंड विदिशा, ग्यारसपुर व बासोदा में कार्यरत यह समिति टूर पैकेज, होटल-रेस्टोरेंट, परिवहन, गाइड सुविधा, साहसिक पर्यटन व सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देगी। यह पहल जिले को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देगी।

### उत्कृष्ट के विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया

**विदिशा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत उज्जैन में आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में यशदीप गुर्जर, शाहिद खान एवं आशीष जाटव ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में छात्रा साशा पाटकर ने कांस्य पदक हासिल किया। इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी और इसे अनुशासन व सतत अभ्यास का परिणाम बताया।

### परिचय सम्मेलन हुआ

**विदिशा।** क्षत्रिय खंगार समाज कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में भोपाल में युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि तथा विधायक भगवान दास सबनानी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। लगभग 200 युवाओं ने परिचय देकर अपनी पसंद जाहिर की।

### ठाकुर रघुनाथ सिंह स्मृति चित्रकला प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** पंडित गंगा प्रसाद ललित कला न्यास द्वारा प्रसिद्ध नगर चित्रकार स्व. ठाकुर रघुनाथ सिंह की स्मृति में बालाजी मंदिर प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि बीईओ लिली जैन मौजूद रहीं। अतिथियों ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।



### रातभर दुकानों की रखवाली कर रहे व्यापारी, चौकी से पुलिस नदारद

# मेले में हो रहीं चोरियां, 11 जवानों के भरोसे मेला 6 को रावण दहन देखने पहुंचेंगे एक लाख लोग

**भारी भीड़ के बीच सक्रिय हुआ चोर गिरोह, विधायक ने एसपी से जताई कड़ी नाराजगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मकर संक्रांति से प्रारंभ हुए रामलीला एवं मेला आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था की लापरवाही सामने आई है। मेले में भीड़ बढ़ती जा रही है और पुलिस की मौजूदगी न के बराबर है। इसी का फायदा उठाकर रात के समय मेले में चोरियां हो रहीं हैं। अब व्यापारी रातभर जागकर दुकानों की पहरेदारी कर रहे हैं। मेले में एक के बाद एक चोरी की घटनाएं घटित हुईं। स्थिति इतनी चिंताजनक रही कि मेला परिसर में स्थापित पुलिस चौकी पर भी कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला। इससे आमजन में आक्रोश फैल गया और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। रविवार को अवकाश का दिन होने के कारण मेले में भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी दौरान चार मोबाइल फोन, दो मंगलसूत्र, दो महिलाओं के पर्स और एक पुरुष का पर्स चोरी होने की शिकायतें सामने आईं। चोरी से पीड़ित लोग जब मेला परिसर की पुलिस चौकी पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे, तो वहां एक भी पुलिस जवान मौजूद नहीं था। शिकायत दर्ज न हो पाने से पीड़ितों की परेशानी बढ़ गई और मेला परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इसी बीच मेला भ्रमण पर पहुंचे विधायक मुकेश टंडन के पास कुछ महिलाओं ने मंगलसूत्र चोरी की शिकायत की। विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ तत्काल मेला परिसर में बनी पुलिस चौकी का निरीक्षण किया, लेकिन वहां भी कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आया। विधायक ने एसपी रोहित केशवानी से चर्चा कर नाराजगी जताई। विधायक के हस्तक्षेप के बाद सब इंस्पेक्टर पुलिस चौकी पहुंचे। विधायक मुकेश टंडन ने सब इंस्पेक्टर से कहा कि मेले में भीड़ उमड़ रही है और चोर गिरोह सक्रिय है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नदारद है। जब सब इंस्पेक्टर ने 11 पुलिस जवानों की तैनाती की जानकारी दी, तो विधायक ने कहा कि उन्होंने पूरा मेला घूम लिया, लेकिन कहीं भी पुलिसकर्मी नजर नहीं आए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने, अतिरिक्त बल तैनात करने और चोरी गए सामान की रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।



**विदिशा।** रामलीला मेला परिसर के अंदर ही लीला देखने के लिए करीब 15 हजार लोगों के बैठने की है व्यवस्था।

### रावण दहन के दिन 1 लाख लोग पहुंचेंगे

6 फरवरी को मेला परिसर में रावण दहन होगा । जिसे देखने के लिए हर साल करीब 1 लाख लोगों की भीड़ मेले में पहुंचती है। हालांकि इस दिन कई थानों के जवान मेले में ड्यूटी पर रहते हैं, लेकिन इस बार चोर गिरोह अभी से सक्रिय हो गया है और रावण दहन के दिन घटनाएं होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके लिए पुलिस ने इस बार विशेष निगरानी करनी होगी। क्योंकि मेले में कई चोरी की घटनाएं और झगड़े सामने आ चुके हैं।

# निलंबित लाइसेंस वाली दुकानों की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी




**विदिशा।** समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर गुप्ता

**कृषि के क्षेत्र में भी लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर की जाएगी कार्रवाई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता सोमवार को आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने कहा कि जिले में जिन खाद-बीज एवं मेडिकल स्टोर की दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं उनकी जानकारी संबंधित दुकानों पर फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित की जाए। फ्लेक्स के माध्यम से लाइसेंस निलंबन की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने से उपभोक्ताओं को सही जानकारी मिलेगी और वे सुरक्षित निर्णय ले सकेंगे।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निलंबित दुकानों की सूची तैयार कर उसका सत्यापन करें तथा नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही यह भी कहा गया कि निरीक्षण नियमित रूप से जारी रखा जाए, ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर समय पर कार्रवाई हो सके। कलेक्टर ने कहा कि जनस्वास्थ्य एवं कृषि से जुड़े क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### कलेक्टर ने विभागीय शिकायतों की स्थिति भी जानी

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की स्थिति भी जानी उन्होंने अधिकारियों से कहा शिकायतों का समयसीमा में निराकरण किया जाए। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन जैसे प्लेटफॉर्म शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के सशक्त माध्यम है। इसलिए शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता से संपर्क कर समाधान की जानकारी दें और प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण किया जाए।

### कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**अहमदपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य धनराज दांगी, ग्राम सरपंच शिवचरण शर्मा एवं जनपद सदस्य महाराज सिंह कुशवाहा उपस्थित रहे। ग्रामीण अंचल के बच्चों ने नृत्य व गीत गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। 10वीं-12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को शील्ड व नगद राशि से सम्मानित किया गया। नगद इनाम देकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## संकल्प से समाधान रैंकिंग सूची में विदिशा जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिलों की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल है।

अब तक अभियान तहत प्राप्त कुल 78511 आवेदनों में से अब तक 69058 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष लंबित 9453 आवेदनों को शीघ्र निराकृत कराने के लिए विशेष पहल करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत एक फरवरी तक शिविरों के माध्यम से 78482 आवेदन प्राप्त हुए हैं वहीं आन लाइन 29 आवेदन दर्ज हुए हैं। कुल 78511 आवेदनो में से 69058 निराकृत किए गए है। जिसमें से स्वीकृत आवेदनों की संख्या 67575, अस्वीकृत 1483 जबकि लंबित आवेदनों की संख्या 9453 है।

### मानसरोवर एकेडमी के युवराज ने जीता स्वर्ण

**विदिशा।** वात्सल्य ग्रुप द्वारा संचालित मानसरोवर एकेडमी स्कूल कक्षा



10वीं के छात्र युवराज सोलंकी ने खेलो एमपी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। युवराज की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल है। संस्था डायरेक्टर देवना अरोरा, नम्रता अरोरा एवं प्राचार्य रवि व्यास ने छात्र को बधाई देते दी है।

## अग्रवाल स्कूल के वार्षिकोत्सव में लोकनृत्य ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह 'प्रतिबिंब' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार और सृजन का सुंदर संगम देखने मिला।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मंत्रमुग्ध किया दर्शक

विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, लोकनृत्य, देशभक्ति नृत्य, नाटक, कवितापाठ समेत विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। हर प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत, अनुशासन और रचनात्मकता स्पष्ट दिखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मुकेश टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कारों की प्रशंसा की और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देना है। डायरेक्टर अन्वी सिंह ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या श्रीमती प्रगति रघुवंशी ने 'प्रतिबिंब' को बच्चों के सपनों और संस्कारों का प्रतिबिंब बताया। समारोह के अंत में सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और कार्यक्रम को अत्यंत सफल और यादगार बताया।

### रिया गौतम का लोक सेवा आयोग में चयन

**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा



रिया गौतम का चयन मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 'इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा' के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) के पद पर हुआ है । रिया अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग की समस्त फैकल्टी एवं कॉलेज के अच्छे माहौल को देती हैं। अपनी सीनियर छात्र की इस उपलब्धि पर कॉलेज के छात्रों में हर्ष की लहर है । संस्था निदेशक डॉ वायके जैन तथा सिविल इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख डॉ राजीव जैन ने उन्हें संस्था परिवार की ओर से बधाई दी है।

### हस्तशिल्प प्रदर्शनी में 10 फरवरी से लगेंगे 50 स्टॉल

**विदिशा।** जिले में 10 से 19 फरवरी तक दस दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित होगी। प्रदर्शनी में 50 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें देश के विभिन्न हस्तशिल्प क्लस्टरों से आए कारीगर अपने पारंपरिक एवं कलात्मक उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे।

### मदरसा जामिया इस्लामिया का 7वां जलसा हुआ

**विदिशा।** मदीना मस्जिद स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया मदीनतुल उलूम का सातवां सालाना जलसा गणपति गार्डन में मनाया गया। मकतब में अध्ययनरत बच्चों ने नात शरीफ, कलमे और दुआएं पढ़कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और भ्रूण हत्या रोकथाम विषय पर नाट्य प्रस्तुति दी। मदीना मस्जिद के इमाम मौलवी अब्दुल अलीम जुल्फी ने बताया कि मुख्य अतिथियों द्वारा परीक्षा में सफल बच्चों को शील्ड, मेडल व कुरान भेंट की गई।




## संस्कार कक्षा में छात्रों को मिला सच्चे मित्र चुनने का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु विदिशा द्वारा पीएम महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में संस्कार कक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विषय सच्चा मित्र कैसे चुन रहा। मुख्य अतिथि एसएटीआई के पूर्व डायरेक्टर डॉ. जेएस चौहान ने कहा कि सच्चा मित्र जीवन के लिए वरदान होता है और केवल अच्छी बातें जानना नहीं बल्कि उन्हें आचरण में उतारना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता लायन बसंत कुमार माहेश्वरी ने समय को सबसे अच्छा मित्र बताते हुए नियमित समाचार पत्र पढ़ने तथा शिक्षकों को हितेषी मित्र मानने की प्रेरणा दी। प्राचार्या डॉ. दीप्ति शुक्ला ने पुस्तकों को मित्र बनाने और गलत राह से बचाने वाले मित्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर सत्र भी हुआ, सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन केएन शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन लायन प्रकाश गोयल ने किया।

### पीपलधार, इमलिया और बींज में बैठक आयोजित की गई

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियानः मजबूत संगठन आपसी विश्वास, सम्मान और एकजुटता से बनता हैः मोहित रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान एवं मनरेगा बचाओ अभियान के तहत शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीपलधार, इमलिया और बींज में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पंचायत स्तरीय संगठन के गठन, उसकी मजबूती और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की सक्रियता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि "गांव चलो-बूथ चलो" कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस संगठन निरंतर विस्तार और सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस का संकल्प है कि गांव-गांव तक संगठन को मजबूत किया जाए और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं संगठन में कमी रह जाती है, वहां संवाद और सहयोग के जरिए कार्यकर्ताओं को जोड़ना ही संगठन की असली ताकत है, क्योंकि मजबूत संगठन आपसी विश्वास, सम्मान और एकजुटता से ही बनता है।




मोहित रघुवंशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्देश्य मनरेगा को कमजोर कर गरीब मजदूरों की मेहनत की कमाई छीनना है, जिससे आर्थिक असमानता और बढ़ रही है। यह गरीब विरोधी सोच है, जिसका खामियाजा मेहनतकश वर्ग भुगत रहा है। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी एडवोकेट सुशील शर्मा ने बताया कि बैठक में जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह यादव सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, आईटी सेल, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-6300
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6600
चना
न्यूनतम भाव-3850
उच्चतम भाव-5666
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7750
तुअर
न्यूनतम भाव-7360
उच्चतम भाव-7580
मक्का
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-1635
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2165
उच्चतम भाव-3690
धान
न्यूनतम भाव-1411
उच्चतम भाव-3941
मटर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3600
उड़द
न्यूनतम भाव-5920
उच्चतम भाव-7210
गेहूं
न्यूनतम भाव -2200
उच्चतम भाव- 3161
अलसी
न्यूनतम भाव-7600
उच्चतम भाव-7600
धनिया
न्यूनतम भाव-8730
उच्चतम भाव-9050

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 12358 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आशा देवी समैया का निधन



**गंजबासौदा।** स्वर्गीय रमेश चंद्र समैया की पत्नी एवं स्वर्गीय राजकुमार समैया, कैलाश चंद समैया की भाभी एवं जितेन्द्र समैया बंटी, धर्मेंद्र समैया, योगेंद्र समैया पप्पू पूर्व पार्षद की माता एवं सुनील समैया, मनोज समैया, चैपल समैया, कपिल समैया की ताई आशा देवी समैया का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सोमवार को शाम 4 बजे निज निवास पाठशाला परिसर से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जिन्होंने 2 मिनिट का मौन धारण दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पचमा बायपास पर फिर लगा जाम

**गंजबासौदा।** सोमवार को दोपहर एवं शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जब तक वाहन गली से नहीं निकले तब तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं तथा वाहन चालक परेशान होते रहे।

# जिला स्तरीय जूनियर एवं सब जूनियर लगोरी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





प्रथम जिला लगोरी जूनियर एवं सब जूनियर टूर्नामेंट बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन डॉल्फिन स्कूल में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें जिले की कई टीमों के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इनमें विदिशा, बासौदा, डॉल्फिन स्कूल, राइजिंग पब्लिक स्कूल, मॉडल पब्लिक स्कूल, स्कॉलर पब्लिक स्कूल, संत वासुदेव पब्लिक स्कूल अंबानगर मुख्य आकर्षण का केंद्र थी। इस टूर्नामेंट में बालक जूनियर वर्ग में बासौदा 11 की टीम ने प्रथम, राइजिंग पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय तथा स्कॉलर पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक सब जूनियर वर्ग में विदिशा की टीम ने प्रथम एवं स्कॉलर पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका जूनियर वर्ग में बासौदा 11 की टीम ने प्रथम, राइजिंग पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय तथा मॉडल पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका सब जूनियर वर्ग में विदिशा की टीम ने प्रथम एवं राइजिंग पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन एवं वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नवांकुर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र दीक्षित, डॉल्फिन स्कूल के प्राचार्य संदीप जेटली, मध्य प्रदेश लगोरी संगठन के सेक्रेटरी आकाश वंशकार, नवांकुर के पीटीआई विजय शर्मा, डॉल्फिन स्कूल के पीटीआई गौरव भारद्वाज ने टूर्नामेंट प्रारंभ कराया। टूर्नामेंट सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजे तक चला। इस कार्यक्रम में संपूर्ण देश, प्रदेश से नागरिक शामिल हुए। रेफरी एवं कोच अनय शर्मा, दीपेश मैना, दशरथ चौहान, हेमंत कुमार, पवन, सचिन, शुभम, आशिका चौहान, सेजल आदि ने टूर्नामेंट में सफलतापूर्वक निर्णय दिए एवं विजेता, उपविजेता निर्धारित किये। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य अमृतांश यादव ने जीतने वाले छात्रों को ट्रॉफी मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया। अन्य अतिथियों में अभिषेक सेठी जनरल सेक्रेटरी टारगेट बॉल एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश उपस्थित थे। लगोरी संगठन विदिशा के अध्यक्ष गौरव समैया, उपाध्यक्ष कपिल गौड एवं उपस्थित सभी लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था हर्ष रघुवंशी सेक्रेटरी विदिशा लगोरी संगठन एवं उनकी टीम द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन एवं मैचों की कमेंट्री कपिल गौड़ द्वारा की गई।

### शासकीय उमावि त्योंदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# तहसीलदार ने जमीन पर विद्यार्थियों के साथ बैठकर किया उनका उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं रामायण मंचन से प्रभावित होकर तहसीलदार रितु राय बच्चों के बीच जाकर उनके साथ फर्श पर बैठ गईं और उनका उत्साह वर्धन किया। तहसीलदार को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे।

कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार ऋतु राय, जनपद सदस्य निर्वेश मीणा, सरपंच प्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता डॉक्टर सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, सुरेश दुबे, प्रेमनारायण साहू, इलियास भाई, राहुल राय, धनसिंह कुशवाह, प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित अतिथियों का छात्र संघ की ओर से अध्यक्ष महक सेन व मयंक साहू ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पहली बार थीम आधारित 13 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें स्वच्छता, लोक नृत्य, नारी सम्मान, बाल विकास, स्कूल चले हम, देशभक्ति, रामायण, नशामुक्ति, नैतिक शिक्षा आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के विद्यार्थी जब रामायण का मंचन कर रहे थे। इस प्रस्तुति से प्रभावित होकर कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार रितु राय मंच छोड़कर नीचे बैठे बच्चों के बीच जाकर बैठ गईं। तहसीलदार को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे, बच्चों ने उनके साथ सेल्फी ली और सभी ने उनकी इस सरलता की सराहना की। अपने संबोधन में तहसीलदार ऋतु राय ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ने तथा अच्छा नागरिक बनने का आवाहन किया। जनपद सदस्य निर्वेश मीणा ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं भ्रमण कार्यक्रमों में भी सहभागिता करने की बात कही। उन्होंने इस सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को मोबाइल भेंट करने की घोषणा की। सरपंच प्रतिनिधि ने विद्यार्थियों से पर्यावरण और परंपरागत गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। वहीं डॉक्टर सूरज श्रीवास्तव व सुरेश दुबे ने कहा कि हम लोगों ने क्षेत्रीय सांसद व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरि सिंह रघुवंशी के माध्यम से मुख्यमंत्री से त्योंदा में डिग्री कॉलेज तथा सीएमराइज विद्यालय खोलने की मांग की है। इलियास भाई ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक खिलान सिंह अहिरवार का सम्मान किया गया तथा वर्ष भर चली विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेल गतिविधियों में विजेता रहे 452 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक योगेश चतुर्वेदी ने किया। अंत में प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्थानीय नागरिक, पालकगण तथा स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों का उदयपुर पहुंचकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार अरविंद कुमार यादव ने आज उदयपुर मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस, लोक निर्माण विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से तैयारियों की समीक्षा की गई। तहसीलदार यादव और बासौदा शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया ने मंदिर परिसर, पहुंच मार्ग, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए, जबकि पीडब्ल्यूडी को मार्गों की मरम्मत एवं आवश्यक बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। पंचायत विभाग को स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। तहसीलदार ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि आयोजन सुचारु एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

# निशुल्क नेत्र शिविर में हुई 252 मरीजों की जांच



**गंजबासौदा।** ग्राम लखाखड़ी में आयोजित नेत्र शिविर में सदगुरु ट्रस्ट आनंदपुर क़े नेत्र चिकित्सक डॉ. सौरभ शर्मा, रणवीर सिंह बघेल, रवि धाकड़, जीतेन्द्र जादौन, पारस रोहले, बनवारी धाकड़ ने 252 मरीजों क़े नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव क़े तरीके बतलाए। मोतियाबिंद के 59 मरीज चिन्हित किये, 157 लोगों को निशुल्क दवाई वितरित की गई। 27 लोगों क़े चश्मा क़े नंबर निकाल कर दिए, 9 लोगों को चश्मे वितरित किये गए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने देते हुए बताया की उपरोक्त शिविर सरदार सिंह लोधी एवं उनके पुत्र भारत सिंह, खूब सिंह, दिनेश सिंह, त्रिवेश सिंह लोधी द्वारा स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह, माताजी खुमान बाई, कस्तूरी बाई एवं स्वर्गीय काशी बाई लोधी एवं स्वर्गीय किशोर सिंह लोधी की पुण्य स्मृति में लगाया गया। इस शिविर में वैद्य ओमप्रकाश श्रीवास्तव, निहाल सिंह पंथी एवं उनकी टीम के रमाकांत दीक्षित द्वारा निशुल्क दमा, श्वांस, डायबिटीज, दर्द नाशक तेल, खांसी, सर्दी, हड्डी आदि की दवाई लगभग 150 से अधिक लोगों को वितरित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक एवं साहित्यकार चंद्र कुमार तारण, सुनील बाबू पिंगले, सरदार सिंह लोधी ने ट्रस्ट की सराहना की तथा चिन्हित मरीजों को कम्बल एवं फल वितरण उनके पुत्रगण एवं परिवार क़े सदस्यों द्वारा किए गए। सद्गुरु सेवा संस्थान की टीम एवम सभी अथितियों का पुष्पहार, तिलक लगाकर सम्मान किया गया। शिविर का संचालन खूबसिंह लोधी ने किया और आभार भारत सिंह लोधी ने व्यक्त किया।

# हीलिंग मेडिटेशन शिविर आयोजित




**गंजबासौदा।** सोमवार को आचार्य विद्यावैली हायर सेकेंडरी स्कूल में हीलिंग मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राणिक हीलिंग द्विन हार्ट मेडिटेशन विशेषज्ञ शुवि वैसाखिया के द्वारा विद्यालय के समस्त स्टाफ को विभिन्न योग क्रियाओं एवं ध्यान के माध्यम से विभिन्न बीमारियां, मानसिक तनाव से कैसे छुटकारा पा सकते हैं, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अनीता जैन विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने बताया कि योग एवं मेडिटेशन का यह कैंप विद्यालय के समस्त छात्रों को एवं हम सभी को अति लाभदायक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना द्वारा शुवि वैसाखिया का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रणय जैन, पंकज जैन, सत्येंद्र सिंह राजपूत, अशोक जैन सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। साथ ही बड़े ही हर्षोल्लास के वातावरण में ध्यान शिविर संपन्न हुआ ।

# मस्जिदों, कब्रिस्तानों में साफ-सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने मंगलवार को मनाए जाने वाले शबे-बारात पर्व को लेकर क्षेत्र की मस्जिदो, कब्रिस्तानों, दरगाहों व मजारों सहित बुजुर्गों के सभी मुकामों पर साफ-सफाई व विशेष विद्युत व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही इस आशय को लेकर नवागत एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन भी सौंपा गया और उनसे शीघ्र सफाई एवं व्यवस्था की मांग की गई। मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा शबे-बारात के मद्देनजर समस्त मस्जिदों और कब्रिस्तानों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही, रास्तों में चूना पाउडर का छिड़काव और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए, जिससे कि जायरीन को रात के समय असुविधा न हो। विशेष रूप से बडे बाबा साहब की दरगाह मकबरा शरीफ, फुटेरा वाले बाबा साहब, महलों वाले बाबा साहब, पुरानी नगर पालिका के पीछे सैयद कल्लन शाह व सामने मुकाम, एलिया वाली सवारी, सिरोंज रोड स्थित पीपल वाले बाबा साहब सहित, सभी कब्रिस्तानों पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समुचित प्रकाश व्यवस्था और नपा की ओर से साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया है। वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष ने बताया शबे बारात इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 14वीं और 15वीं रात के बीच मनाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण रात है, जो माफी और इबादत की रात मानी जाती है। जिला सचिव अमीन मंसूरी ने बताया इस रात को मुसलमान अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं, दुआएं करते हैं और इसी रात अगले साल के भाग्य का फैसला होता है। इस अवसर पर लोग मस्जिदों या घरों में रात भर नमाज पढ़ते हैं।

### कन्या महाविद्यालय के रासेयो आयोजित कर रहा विशेष शिविर

# गोद ग्राम में सात दिवसीय शिविर हो रहा आयोजित




aहरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गंज में 30 जनवरी से 5 फ़रवरी तक लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ . अनामिका प्रजापति के सफल निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के तृतीय दिवस का प्रारंभ गाँव में प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा योगाभ्यास किया गया, उसके बाद परेड का अभ्यास करवाया गया। परियोजना कार्य में ग्राम के गंज के विद्यालय से वेतवा नदी के रिपटा घाट तक नारे के साथ रेली निकाली गई और बेतवा रिपटा घाट की सफ़ाई की गई तथा घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए नागरिकों को जागरूक किया।

शिविर के बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता सृष्टि तिवारी और राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर व राष्ट्रीय एकता शिविर में शामिल पूर्व छात्रा स्नेहा चौकसे की उपस्थिति रही। सृष्टि तिवारी ने स्वयं सेवकों को एनएसएस के उद्देश्य, एन एस एस की मूल भावना से अवगत कराया तथा एनएसएस के माध्यम से स्वयं सेवकों को शून्य से शिखर तक का सफ़र तय करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वयं सेवकों के मन में उत्पन्न प्रश्नों का उत्तर दिया। स्नेहा चौकसे ने स्वयं सेवको को कैम्प में की जाने वाली गतिविधियां, एन एस एस मूल भावना , अनुशासन से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया तथा स्टेट कैम्प, नेशनल कैम्प के अनुभव को साझा किए गए।

अतिथियों द्वारा शिविर दर्पण का उद्घाटन किया गया। स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत, आह्वान गीत गाए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रद्धा द्वारा किया गया। महाविद्यालयीन स्टाफ निखिल शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सहिवा पठान, एन एस एस प्रभारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# किसानों से नौ बिंदुओं पर की विस्तार से चर्चा




aहरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कृषि विभाग द्वारा ग्राम डाबर, स्यारी, ककरावदा का भ्रमण कर कृषि रथ कार्यक्रम में नौ बिंदुओं पर प्राकृतिक खेती, मिट्टी परीक्षण, नरवाई प्रबंधन, मिलेट्स फसलें, फसल विविधीकरण, समन्वित कीट प्रबंधन, उर्वरक टोकन प्रणाली आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में सरपंच नरेंद्र कुमार छारी सहित क्षेत्र के अनेक उन्नशील कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. प्रीति चौहान द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने कृषि में आय वृद्धि के व्यावहारिक उपाय बताए तथा उद्यानिकी फसलों की खेती एवं पैकेजिंग के विषय पर चर्चा की एवं कृषकों को रबी फसलों की उन्नत खेती पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अनुराग रावत ने कृषकों को संबोधित किया। कृषि विस्तार अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के नौ बिंदुओं पर चर्चा कर कृषकों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नरवाई प्रबंधन पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों, पर्यावरण प्रदूषण तथा मृदा पोषक तत्वों की हानि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने किसानों को सुपर सीडर एवं रोटावेटर जैसे कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई को खेत में मिलाने की सलाह दी। साथ ही मिट्टी परीक्षण, फसल विविधीकरण और मोटे अनाज वाली फसलों पर भी चर्चा की गई।

सहायक संचालक कृषि महेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा कृषकों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की गई। कार्यक्रम में सहायक संचालक कृषि महेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आशीष आर्य, कृषि विस्तार अधिकारी सूर्यभान सिंह, एवन यादव, आकाश मौर्य, पूजा सूर्यवंशी, सृष्टि रघुवंशी, शिवानी चौकसे तथा उद्यानिकी विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वहीं आत्मा परियोजना के निलेश जामलिया, कृषि विस्तार अधिकारी एवन यादव द्वारा किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### सभी एक हों तभी मांग होगी पूरी

**गंजबासौदा।** शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राकेश दुबे ने अपील की कि राज्य शिक्षा सेवा मे नियुक्त अध्यापक संवर्ग जिसमें शिक्षाकर्मी, गुरूजी, संविदा शिक्षकों के सभी संगठन एक नही होंगे तब तक सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से मिलना संभव नहीं है। प्रदेशाध्यक्ष दुबे ने कहा कि हमारी सुविधाओ का मिलना बेमानी है वही प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने कहा कि सभी शिक्षक संगठन आपसी मतभेद भुलाकर ईमानदारी से एक होकर संघर्ष के लिए तैयार रहे तभी हमारी महत्वपूर्ण मांग पूरी हो सकती है। वहीं प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि 1998 से आज तक जो कुछ भी हमे मिला है, हमारे संगठनों की वजह से ही मिला है अन्य पुराने संगठनों ने हमेशा हमारा विरोध किया है। आज जरूरत है राज्य शिक्षा सेवा मे नियुक्त सभी शिक्षक संगठन एक होकर शासन से प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग पुरजोर तरीके से उठाएं नहीं तो अपनी पीठ थपथपाएं और अध्यापकों को गुमराह करते रहे।

**खबर संक्षेप**

## देश के विकास को नई गति देने वाला बजटः सांसद लता वानखेड़े



सिरोंज। क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेड़े ने लोकसभा में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए देश के 2026-27 के आम बजट को देश के उज्वल भविष्य की ओर बढ़ता एक सशक्त कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल देश की आर्थिक मजबूती का संदेश देता है, बल्कि आम नागरिकों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सामर्थ को बढ़ाने की स्पष्ट झलक भी दिखाता है। बजट में इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न कर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है, वहीं रिटर्न फाइल करने के लिए तीन माह का अतिरिक्त समय देकर करदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर की 17 दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त करना एक संवेदनशील और सराहनीय निर्णय है। साथ ही देश में तीन नए आयुर्वेदिक एम्स और पांच क्षेत्रीय मेडिकल कॉलेज बनने से स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। युवाओं के सपनों को रफतार देने के लिए सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए गए हैं। यह बजट आत्मनिर्भर भारत का स्पष्ट रोड मैप प्रस्तुत करता है। किसानों को प्राथमिकता देते हुए कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए हर जिले में एक गर्ल्स हॉस्टल बनाने का फैसला सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। कुल मिलाकर यह युवा शक्ति बजट है, जिसमें युवा सोच, युवा सपने और युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुलते नजर आते हैं। यह बजट देश के विकास को नई गति देने वाला और हर नागरिक के भविष्य को मजबूत करने वाला है।

**पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करें**

# कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज करें सुनिश्चितः संभाग आयुक्त अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कुपोषित बच्चों को पोषणयुक्त भोजन के साथ पोषण पुनर्वास केंद्र में इलाज सुनिश्चित करने, श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने, पोषण ट्रैकिंग में प्रगति न लाने पर सागर, टीकमगढ़, दमोह एवं पन्ना के परियोजना अधिकारियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस जारी करने तथा गर्भवती माताओं के सभी परीक्षण समय पर कराने के निर्देश संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने मासिक समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त राजेश शुक्ला सहित स्वास्थ्य, श्रम एवं महिला-बाल विकास विभाग के संभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संभाग आयुक्त ने सागर संभाग के समस्त स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग एवं महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं महिला-बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से मरीजों, महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर उपचार एवं संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

संभाग आयुक्त अनिल सुचारीने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाली रोगी कल्याण समिति एवं पोषण समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से निर्धारित समय-सीमा में आयोजित की जाएं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण समय-समय पर सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संदर्भ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिलाओं में एनीमिया एवं ब्लड प्रेशर की जांच तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए।संभाग आयुक्त सुचारी ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर मध्यान्ह भोजन एवं नाश्ते के बीच पर्याप्त अंतर रखा जाए तथा पोषणयुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने श्रम विभाग को ई-स्कूटर योजना सहित अन्य जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही संबल योजना एवं भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता, सामान्य मृत्यु, दुर्घटना मृत्यु एवं अपंगता की स्थिति में देय राशि समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**देव राठौर और शकीना बानो चुने गए मिस्टर एण्ड मिस निर्मला**

# निर्मला स्कूल में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों की दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

स्थानीय बस स्टेण्ड स्थित निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं के छात्रों के द्वारा समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को बैंड की धुन पर विद्यालय के मुख्य द्वार से कार्यक्रम स्थल तक लेकर गए। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर डॉ. टेन्सी द्वारा विद्यार्थियों की सफलता के लिये प्रार्थना की एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यार्थियों को आशीष प्रदान किया। इसके उपरांत कक्षा 11 वीं की छात्रा नुसरत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया जिसके उपरांत दौरान जूनियर छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसके अंतर्गत डांस, ड्रामा एवं समूहगान की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी के द्वारा विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनायें दी एवं पालकों का विद्यालय के प्रति विश्वास रखने हेतु धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12 के विद्यार्थियों प्रियांश बघेल एवं रौनक के द्वारा विद्यालय से जुड़ी



स्मृति सांझा की। कार्यक्रम में मिस्टर एवं मिस निर्मला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्रा शकीना बानो को मिस एनसीएचएस का तथा देव राठौर को मिस्टर एनसीएचएस चुना गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन छात्रा जिया अनवर के द्वारा किया गया।

**केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में...**

## कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन की उपलब्धियों को सम्मानित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास, अनुशासन एवं भावनात्मक आत्मीयता से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात जूनियर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। नृत्य, गीत एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के प्रति स्नेह, सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्वेता आनंद त्यागी ने कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होता, बल्कि यही वह समय होता है जब संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण होता है। विद्यालय से प्राप्त शिक्षा एवं मूल्य ही भविष्य की सफलता की सुदृढ़ नींव रखते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन आनंद त्यागी ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त मंच होता है। यहाँ सीखे गए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्य जीवन के प्रत्येक चरण में मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी भविष्य में सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। विदाई समारोह के दौरान आयोजित गतिविधियों में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति के आधार पर मिस केडीबीएम के लिए समीक्षा दुबे तथा मिस्टर केडीबीएम के लिए जतिन रघुवंशी का चयन किया गया। इसी क्रम में मिस फेयरवेल केडीबीएम के लिए प्रियांशी पटेल एवं मिस्टर फेयरवेल केडीबीएम के लिए कृष्णा रघुवंशी का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा किए, जिनमें कई भावुक क्षण देखने को मिले। समारोह का समापन औपचारिक आभार प्रदर्शन एवं सामूहिक छायाचित्र सत्र के साथ हुआ। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों के लिए विद्यालय की मधुर स्मृतियों को संजोने वाला तथा नए जीवन पथ पर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देने वाला सिद्ध हुआ।

## मानस भवन सत्संग में सात दिवसीय भागवत कथा

### श्रीकृष्ण विवाह का किया वर्णन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

कथाओं की नगरी में 27 जनवरी से मानस सत्संग भवन में भवानी रामायण महिला मंडल के तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कर धामक आयोजन चल रहा है नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति हो रही है। कथा व्यास डॉ. भवानी शंकर तिवारी द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं एवं प्रमुख कथा प्रसंगों का मधुर प्रभावी वाणी में वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं को श्री कृष्ण की भक्ति, आराधना, धर्ममय, सनातनी जीवन का संदेश दिया जा रहा है।

कथा व्यास डॉ. भवानी शंकर तिवारी द्वारा गोर्वधन पूजन परिकृमा की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भगवान संकट के समय मनुष्यों की रक्षा करते है।

## नप अध्यक्ष चौधरी की दादी का निधन किनगी में हुआ अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की दादी श्रीमती ललिता बाई चौधरी का सोमवार को



अचानक निधन हो जाने से नगर एवं ग्रह ग्राम किनगी में शोक छाया रहा। ग्राम किनगी में स्व. ललिता बाई चौधरी के अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

स्वर्गीय राजा भैया चौधरी, कौशल सिंह चौधरी, नारायण सिंह एवं खुमान सिंह की मां और नप अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी एवं मनोज चौधरी की दादी ललिता बाई के निधन से भारी शोक छाया रहा। अंतिम संस्कार में व्यापारियों विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी राजनीतिक कार्यकर्ताओं सहित अन्य ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**मुनि दीक्षा दिवस समारोह पूर्वक मनाया**

## जैन भवन में सिद्ध चक्र महामंडल विधान, विश्वशांति महायज्ञ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

नगर के दिगंबर जैन मंदिर और समीप स्थित जैन समाज के सत्संग भवन में 27 जनवरी से 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का धार्मिक आयोजन चल रहा है धार्मिक आयोजन में जैन समाज के परिवारों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लेकर विभिन्न कार्यक्रम को संपन्न किया जा रहा है

जैन समाज के चल रहे धार्मिक आयोजन में 108 पूज्य मुनि श्री प्रयोग साग्य जी महाराज एवं छुल्लक 105 परीत सागर महाराज की विशेष उपस्थिति बनी हुई है। जैन सत्संग भवन में मुनि श्री का 28 वा दीक्षा दिवस समारोह नगर की सकल जैन समाज द्वारा धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर जैन मुनि ने कहा कि किसी मनुष्य ने अपना जन्म अपनी आंखों से नहीं देखा परंतु दिगंबर साधु अपना जन्म अपनी आंखों से देखते हैं मुनि श्री के पाद प्रक्षालन के अवसर अनेक जैन परिवारों को प्राप्त हुआ चल रहे।

आयोजन में अनेकों लोगों की उपस्थिति रही। आज 2 फरवरी को धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिन चली बैठक, हुआ मंथन

### संगठन विस्तार, राष्ट्रीय अभियानों पर कार्ययोजना तैयार

» संगठन का मूलमंत्र-साथ आना, बैठना और मिलकर कार्य करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय प्रान्तीय कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न हुई। मध्यभारत प्रांत के 22 जिलों के 149 दायित्ववान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठको के दौरान गतिविधियों की समीक्षा, शैक्षणिक एवं सामाजिक मुद्दों पर चर्चा आगामी वर्ष पर कार्य योजना बनाई गई। शैक्षणिक संगठन मंत्री चेतस सुखाडिया ने मार्ग दर्शन के दौरान कहा की संगठन का मूलमंत्र साथ आना, बैठना और साथ मिलकर कार्य करना है।

अभाविप मध्यभारत प्रांत कार्यकारणी की दो दिनों तक कुल 9 सत्रों में बैठकें हुए है। जिसमें चिरैवेति अभियान, छायावास सर्वेक्षण, नगर खेल कुंभ, परिसर चलों अभियान, ग्रीन टाइम टू एक्टिविटी, टाइम अभियान, परीक्षा लक्ष्य कार्यक्रम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा और विचार मंथन किया गया।

बैठक में आगामी राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक अवसरों वंदे मातरम के 150 वर्ष, संविधान के 75 वर्ष, आपात काल के 50 वर्ष, महारानी अबक्का चौटा के 500 वर्ष, हल्दी घाटी के 450 वर्ष और अटल बिहारी वाजपयी के जन सताप्दी पर विशेष कार्य योजना बनाई गई। दो दिवसीय बैठक के अंतिम सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाडिय़ा ने मार्ग दर्शन करते हुये कहा की संगठन का मूल मंत्र, साथ आना, साथ बैठना और मिलकर कार्य करना है। प्रांतिय मंत्री केतन चर्तुवेदी ने भी विचार व्यक्त किए।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बंशी लाल खरबंदा जन्म दिनांक 10-11-1960 पुत्र श्री मदन सिंह खरबंदा निवासी सावरकर पथ बाल बिहार विदिशा, म.प्र. का हूं। मेरे द्वारा अपना पुराना नाम बंशी लाल अरोरा जन्म दिनांक 08-10-1957 को बदलकर अपना नया नाम बंशी लाल खरबंदा रख लिया एवं मेरी सही जन्म दिनांक 10-11-1960 है। अब मुझे बंशी लाल खरबंदा के नाम से ही जाना जावें । मेरे पासपोर्ट एवं समस्त दस्तावेजों व पत्राचार में मेरा नाम बंशी लाल खरबंदा प्रयुक्त किया जावेगा ।

भवदीय,
बंशी लाल खरबंदा
निवासी- सावरकर पथ बाल बिहार विदिशा, म.प्र.

# नगर में संत रविदास जयंती पर निकाली भव्य शोभायात्रा

### आत्म मंथन आत्म सुधार के बिना नहीं विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 649 वी जयंती नगर में उत्साह पूर्वक मनाई गई। होली चौक स्थित रविदास मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ भारी उत्साह उमंग के साथ संत रविदास जी की रथ में झांकी बनाकर निकाली गई।

रविदास जयंती पर हुए मंची कार्यक्रम संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश सूर्यवंशी की अध्यक्षता में हुआ पूर्व डीएसपी प्रदेश अध्यक्ष एमएल वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में हनुमत सिंह बौद्ध जिला संगठक डॉ सीएस गोलिया, भावसिंह माडरे के साथ अन्य



पदाधिकारी और समाज के लोगों की भारी उपस्थिति रही। डॉ. सूर्यवंशी ने कहा कि व्यक्ति के दुखों का कारण स्वयं व्यक्ति है। आत्म मंथन आत्म सुधार के बिना समाज व देश का विकास नहीं हो सकता।

**बना अजीब सा शीत भरा मौसम, फसलों पर संकट**

# एक सप्ताह से आसमान में बादलों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पिछले एक सप्ताह से निरन्तर आसमान में घनें बादलों का डेरा जमा हुआ है। दिन में कभी-कभी तेज धूप निकल आती है। चौवीसों घण्टों बादलों की सघनता और शीत के प्रकोप से बने अजीब से माहौल के कारण फसलों को लेकर किसानों में भारी चिंता बनी हुई है। फागुन का महिना भी शुरु हो गया, इसके बाद फूलों के पौधों में फूलों की भारी कमी मौसम की मार से बनी नजर आ रही है।

फसलों पर छाया संकट- पिछले एक सप्ताह से आसमान में बादलों का डेरा बना रहने के साथ नर्म-गर्म माहौल बना रहने से फसलों पर भारी असर पड़ रहा है। गेंहू, चना इत्यादि की फसलों में



सफेद काली माहू के साथ इल्ली का प्रकोप होने से फसलों की सेहत खराब हो रही है। किसानों द्वारा महंगे कीटनाशकों का छिडक़ाव कर फसलों को रोगों से बचाने के प्रयासों में प्रतिएकड़ लागत बढ़ती जा रही है। जब तक आसमान और मौसम साफ नहीं होता, फसलों की स्थिति कमजोर बनी रहने की चिंता क्षेत्र के हजारों किसानों को सता रही है।

### बादल, कोहरा, ओस एक साथ-

एक सप्ताह से निरन्तर बादल बने रहने के साथ रात और सुबह-सुबह घना कोहरा और गिर रही ओस के धुंध भरा मौसम लोगों की सेहत पर भी असर डाल रहा है। श्वास की बीमारी बाले बुजुर्ग, बच्चों पर मौसम की मार भारी पड़ रही है। सर्दी जुखाम, बुखार, बदन दर्द पीड़ितों की तेजी से संख्या बढऩे और सिविल अस्पताल, प्रायवेट डॉक्टरों के यहाँ मरीजों की प्रतिदिन भीड़ लग रही है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं भीकम सिंह पुत्र श्री हरिराम आयु 55 साल निवासी म.न. 92 छोला दशहरा मैदान के पीछे प्रीत नगर भोपाल म.प्र. का हूँ। मेरा आधार कार्ड नम्बर 241780009938 है, जो कि मुझे जारी किया गया था। आधार अपडेट के दौरान त्रुटिवश मेरा नाम अन्नू सिंह पुत्र श्री कुन्जीलाल दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरा सही नाम भीकम सिंह पुत्र श्री हरिराम हैं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। इसलिये मैं आधार अपडेट करा कर, भीकम सिंह पुत्र श्री हरिराम अंकित / दर्ज कराना चाहता हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे / जावेगा। अतः सूचित हो।

## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय समीक्षा

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा संकल्प से समाधान अभियान, विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं एवं सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत शिविरों के आयोजन और आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। कलेक्टर श्री विश्कवर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में स्वयं उपस्थित रहें तथा विभाग से संबंधित आवेदनों को गंभीरतापूर्वक शीघ्रता से निराकृत कराते हुए पोर्टल पर अपलोड कराएं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि संकल्प से समाधान अभियान नागरिकों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि अभियान के तहत सांची जनपद क्षेत्र में अभी तक प्राप्त 8876 आवेदनों में से 3312 आवेदन निराकृत हो गए हैं।

### हिनोतिया महलपुर से घाटखेड़ी तक अधूरी सड़क से ग्रामीण परेशान

**रायसेन।** सांची विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया महलपुर से घाटखेड़ी तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण लंबे समय से अधूरा पड़े होने पर ग्रामीणों में रोष है। सड़क निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गौर, कांग्रेस नेता लखपत सिंह धाकड़ के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा।ग्रामीणों ने बताया कि उक्त सड़क करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत हुई थी। जिसका ठेका राजस्थान की मीनेश रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, साइड पटरी सही तरीके से नहीं भरी गई है, जिससे आए दिन वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर सीसी वर्क भी अधूरा पड़ा है। वहीं अंधे मोड़ और पुल-पुलिया पर संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं।



» समापन के दौरान खिलाड़ियों का जोश, दर्शकों की भारी भीड़ और मंच पर मौजूद दिग्गजों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

» जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में यह महोत्सव एक बड़ा कदम माना जा रहा है।


» 10 हजार से अधिक दर्शकों की उपस्थिति ने किया साबित, खेल की तरफ बढ़ रहा रायसेन

क्रिकेटर रविंद्र जडेजा को देखने उमड़ा भारी जनसैलाब

शिवराज सिंह ने दीं कई सौगातें, रोप-वे के लिए सौंपा स्वीकृत पत्र

# ‘सांसद खेल महाकुंभ’ में रायसेन स्ट्राइगर ने सिलवानी को हराकर लहराया जीत का परचम









हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर के खेल स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का सोमवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में खेल मैदान से लेकर दर्शक दीर्घा तक उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मैदान में लगातार तालियों की गूंज के बीच खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का बेहतरीन परिचय दिया। रायसेन स्ट्राइगर और सिलवानी टीम के बीच फायनल मैच का रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें रायसेन ने सिलवानी को 5 विकेट से हराकर जीत का परचम लहराया।

समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रविंद्र जडेजा, मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित सांसदीय क्षेत्र के कई दिग्गज नेता, मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन में 10 हजार से अधिक दर्शकों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि रायसेन में खेल के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है।

## फैक्ट फाइल

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने क्रिकेटर रविंद्र जडेजा द्वारा फेंकी गुगली बॉल पर शॉट लगाकर दर्शकों की वाहवाही लूटी।
- रविंद्र जडेजा और विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की मौजूदगी में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, शिवराज ने की बड़ी घोषणाएं
- खेल स्टेडियम में खुली गाड़ी में क्रिकेटर रविंद्र जड़ेजा सहित दिग्गजों ने जनता का अभिवादन किया स्वीकार।
- 10 हजार दर्शक बने गवाह, हर पंचायत में स्टेडियम और रायसेन में अत्याधुनिक खेल परिसर का ऐलान
- रायसेन टीम ने सिलवानी को 5 विकेट से हराया

## अब बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी निशुल्क कोचिंग : शिवराज

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए खेल और शिक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि बेटियों और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अब बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। रायसेन, विदिशा और भेरूंदा में निशुल्क कोचिंग क्लासेस शुरू की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की तैयारी में लाभ मिलेगा।

शिवराज सिंह ने कहा कि हर पंचायत में खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा ताकि गांव-गांव से प्रतिभाएं निकलकर सामने आएं। साथ ही रायसेन में अत्याधुनिक खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई।

## लक्ष्य तय कर करें मेहनत, सफलता जरूर मिलेगी



इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रविंद्र जडेजा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेल भावना जरूरी है। उन्होंने अपने संघर्ष का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चयन से पहले उन्होंने लंबे समय तक मेहनत की, तब जाकर यह मुकाम हासिल हुआ। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि लक्ष्य तय करें और लगातार अभ्यास करते रहें, सफलता जरूर मिलेगी।

## खेलों का जीवन में बहुत महत्व है : नरेंद्र सिंह तोमर



कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव, ग्रामीण और शहरी युवाओं को उनके कौशल का प्रदर्शन करने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार खेलो इंडिया के लिए और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके मंशानुरूप ही देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र में वृहद स्तर पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया और आज इसका समापन हो रहा हैं। लगभग सौ दिवस तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ है। खेलों का जीवन में बहुत महत्व है। खेल के माध्यम से जीवन में अनुशासन का समावेश होता है। साथ ही टीम भावना भी बढ़ती है।

## शिवराज ने किले पर रोप-वे के लिए सौंपा स्वीकृति पत्र

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि रायसेन किले तक रोपवे की अनुमति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है। अब रोपवे किले के ऊपर तक जाएगा और वहां एक भव्य म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा। साथ ही किले का सौंदर्यीकरण कर उसे पर्यटन की दृष्टि से और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे रायसेन की ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी। शिवराज ने कहा कि रायसेन में मेडिकल कॉलेज खुलेगा, जिसकी घोषणा पहले ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कर चुके है। साथ ही रायसेन में 12, 13 और 14 अप्रैल को किसान कुंभ और किसान मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही उनके जीवन की सबसे बड़ी सफलता है और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मामा कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# ब्लॉक प्रांगण में रविवार को संपन्न हुआ सुपर लीग सीजन वन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज



खेल के प्रति जुनून, मैदान पर पसीना और दर्शकों का गूंजता शोर कुछ ऐसा ही नजारा था 'भगत सिंह फैंस क्लब' द्वारा आयोजित सुपर लीग सीजन-1 के फाइनल मुकाबले का। क्षेत्र की सबसे चर्चित क्रिकेट लीग के खिताबी भिड़ंत में बुलंद 11 ने गेंदबाजी और शानदार तालमेल के दम पर प्रिंस 11 को पटखनी देते हुए पहले सीजन की ट्रॉफी अपने नाम कर इतिहास रच दिया।

फाइनल मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जबरदस्त खींचतान देखने को मिली। प्रिंस 11 ने अपनी बल्लेबाजी से जुझारूपन दिखाया, लेकिन बुलंद 11 के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से मैच को आखिरी ओवरों तक फंसाए रखा। अंतिम गेंद तक दर्शकों की सांसें थमी रहीं, लेकिन अंततः बुलंद 11 ने धैर्य बनाए रखा और जीत का सेहरा अपने सिर सजाया।

समापन में नगर परिषद गैरतगंज के उपाध्यक्ष श्री अशोक सिंह ठाकुर, श्री बृजेन्द्र पटेल (डिम्पल पटेल)एवं युवा भाजपा नेता श्री नितिन श्रीवास्तव उमाशरण द्विवेदी (पप्पू महराज) रोहित जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी सौंपते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण और शहरी खेल प्रतिभाओं के बीच की दूरी को कम करते हैं।

# वन कर्मियों ने छापामार कार्रवाई में पकड़ी 50 हजार की लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



वन विभाग सिलवानी ने वन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही करते हुए अवैध रुप से संग्रहित कर रखी गई 50 हजार मूल्य की लकड़ी जब्त की। आरोपी पर वन अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। वन मंडल अधिकारी सामान्य रायसेन प्रतिभा शुक्ला एवं उप वन मण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी इन्दर सिंह बारे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी सामान्य के वन परिक्षेत्र अधिकारी महेन्द्र कुमार पालेचा के मार्गदर्शन में सोमवार को सिलवानी के उपनगर पड़ान में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि सागौन ईमारती वनोंपज संग्रहण कर रखी हुई है। रेंजर पालेचा द्वारा अपने दल बल सहित मुखबिरी की तस्दीक हेतु मुजाहिद हुसैन पुत्र जाहिद निवासी पढ़ान के घर पर दविश दी गई। दविश में मुजाहिद हुसैन के घर में रखे हुये सागौन ईमारती के 13 नग सागौन जो कि वन क्षेत्र से काटकर लाये गये ताजे गीले पाये गये। जप्त की गई लकड़ी की मौके पर माप की गई।

## मौसम की अनुकूलता से रबी फसलों की स्थिति बनी संतोषजनक

# फसल को बेहतर बनाने दवा का स्प्रे कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी


क्षेत्र में इस वर्ष मौसम की अनुकूलता के चलते चना सहित अन्य रबी फसलों की स्थिति संतोषजनक बनी हुई है। किसान फसल को सुरक्षित रखने और बेहतर उत्पादन के उद्देश्य से चना, गेहूं सहित अन्य फसलों में स्प्रे कार्य में जुटे हुए हैं। खासतौर पर चना फसल में इस समय कीट एवं रोग नियंत्रण को लेकर किसानों की सक्रियता बढ़ गई है।

किसानों के अनुसार इस वर्ष ठंड अपेक्षाकृत जल्दी कम हो गई है, जिसे स्थानीय भाषा में दिन खेरिया हो जाना कहा जा रहा है। ठंड कम होने के कारण चना जैसी छोटी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए किसान इल्ली, माहू एवं फफूंद जनित रोगों से बचाव के लिए कीटनाशक, फंगीसाइड और टॉनिक का प्रयोग कर रहे हैं ताकि फसल की ग्रोथ समय पर हो सके और नुकसान बच सके।

सिलवानी क्षेत्र एवं आसपास के गांवों में चना फसल में काली माहू का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वहीं बटरी में माहू एवं इल्ली के नियंत्रण के लिए स्प्रे किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते स्प्रे नहीं किया गया तो फसल के सूखने और दाना कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है।

चना के साथ-साथ गेहूं की फसल में भी किसान सक्रिय रूप से स्प्रे कर रहे हैं। गेहूं में इल्ली, माहू एवं अन्य कीटों के प्रकोप से बचाने आधुनिक दवाइयों का प्रयोग किया जा रहा है।

» *किसान फसल को इल्ली, माहू एवं फफूंद से बचाने कीटनाशक, फंगीसाइड और टॉनिक का कर रहे प्रयोग*



### लंबित प्रकरणों का समय सीमा में कर रहीं निराकरण

किसानों का कहना है कि अब खेती में युवा किसानों की भागीदारी बढ़ी है, जो नई-नई तकनीक और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर खेती को लाभ का व्यवसाय बना रहे हैं। क्षेत्र में जहां सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध है, वहां किसान गन्ने की खेती कर रहे हैं। किसानों के अनुसार गन्ना फसल से एक एकड़ में साल भर में लगभग एक लाख रुपये तक का लाभ हो जाता है।

### मौसम और बाजार भाव किसानों के पक्ष में

व्यापारियों का भी मानना है कि जब किसान खुशहाल होता है तो बाजारों में रौनक अपने आप आ जाती है। किसान के पास जब फसल की आमदनी होती है, तो वह बाजार में खरीदारी करता है, जिससे स्थानीय व्यापार को भी मजबूती मिलती है। अनाज के अच्छे दाम मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। इस वर्ष मौसम, तकनीक और बाजार भाव का संतुलन किसानों के पक्ष में नजर आ रहा है। यदि इसी प्रकार फसल सुरक्षा और उचित मूल्य मिलता रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र के किसान और अधिक मजबूत आर्थिक स्थिति में दिखाई देंगे।

# गैरतगंज के युवा प्रीतम सिंह बने कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष

## समाज के दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/गैरतगंज



कुशवाहा समाज की एकजुटता और युवाओं को नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से कुश मांगलिक भवन रायसेन में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 1 फरवरी को संपन्न हुआ। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रीतम सिंह पटेल को युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वरिष्ठ नेतृत्व की रही विशेष उपस्थिति

बैठक का आयोजन प्रांतीय और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में मुख्य रूप संभागीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाह, संगठन मंत्री प्रहलाद सिंह कुशवाह, सतीश कुशवाहा, कन्हैयालाल कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, विशाल कुशवाहा सहित समाज के वरिष्ठ संरक्षकों की उपस्थिति रही।

प्रीतम सिंह पटेल की नियुक्ति की घोषणा होते ही समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और फूल-मालाओं से अध्यक्ष का स्वागत किया। समर्थकों ने इस निर्णय के लिए प्रांतीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री और जिला नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया।

समाज के नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि वे समाज की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।